# लांगुरिया फ़ोन मिला दे

लांगुरिया फोन मिलाये दे , केला मईया जी के पास
मईया जी के पास , माँ केला , मईया जी के पास
लांगुरिया फोन मिलाये दे , केला मईया जी के पास..........

बीत गये दिन बहुत मुझे में , ना मईया के द्वार गई
रात दीना मोहे याद सतावे , ना अखियन में नींद रही
तू मेरी बात कराये दे , केला मईया जी के पास
लांगुरिया फोन मिलाये दे , केला मईया जी के पास..........

धाम करोली फ़ोन मिला तू , जी भर के में बात करूं
एक बार नम्बर मिल जावे , बंद नही दिन रात करू
ये दूरी खत्म करदे , केला मईया जी के पास
लांगुरिया फोन मिलाये दे , केला मईया जी के पास..........

कहूंगी माँ से हे मईया जी , पूरी मेरी आस करो
आँख देखना चाहे तुमको , मईया नही निराश करो
तू वीडियो कोल लगाई दे , केला मईया जी के पास
लांगुरिया फोन मिलाये दे , केला मईया जी के पास..........

नयो फोन लांगुरिया लायो , इसका लाभ उठाऊँगी
केला माँ के दर्शन पा कर , फूली नही समाऊँगी
कहे भूलन भिजवाइदे , केला मईया जी के पास
लांगुरिया फोन मिलाये दे , केला मईया जी के पास.........

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/22489/title/languriyan-phone-mila-de

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |